### अवैध गतिविधियों को रोकने एवं हुड़दंगियों पर नजर रखने जिले में जगह जगह तैनात रहेगा पुलिस बल

# धू-धू कर जली होलिका, आज मनाया जाएगा धुरेड़ी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





रंगों का महापर्व होलिकोत्सव की धुरेड़ी आज है। होली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। बुराई रूपी होलिका का नगर में जगह जगह देर शाम दहन किया गया। होली पर्व को लेकर रविवार अवकाश होने पर भी बाजार में लोगों की चहल पहल बनी रही। रविवार रात होलिका दहन कर होली की शुरुआत हो गई। बच्चे, बूढ़े और जवान हर उम्र के लोगों में होली को लेकर खुशी का माहौल नजर आ रहा है। नगर में कई जगह होली मिलन समारोह, तो कहीं मंदिरों में ढोलक की थाप तथा झाल की झंकार पर फगुआ गाकर लोग होली त्योहार का आनंद उठा रहे हैं। इस वर्ष परीक्षाओं होली के पहले ही समाप्त हो जाने से बच्चों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे अभिभावकों के साथ रंग-अबीर व पिचकारियों की दुकानों में खरीदारी करते नजर आये। खरीदारी के लिए दुकानों पर देर शाम तक भीड़ लगी रही। इसके अलावा कुर्ते-पायजामे व रेडिमेड कपड़ों की दुकानों सहित मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर भी लोगों की काफी भीड़ नजर आई। हर कोई होली की तैयारियों में जुटा रहा। खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ जुटी रहीहै। लोग अपने-अपने पसंद के मुताबिक रंग, गुलाल व पिचकारी की खरीदारी करते नजर आए।

होलिकोत्सव के मौके पर दो दिवसीय अवकाश होने से खुशियां दोगुनी हो गई है। खासकर नौकरी पेशा व व्यापारी वर्ग युवा वर्ग होली को यादगार बनाने की पुरजोर कोशिश में है।

लोकसभा चुनाव की आदर्श आचारण संहिता प्रभावशील होने के चलते जिले भर में कानून और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने जगह जगह पुलिस बल तैनात रहा। संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने गश्त भी की।

### विशेष सावधानी बरतें

होलिका दहन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। होलिका दहन में कई जगहों पर प्लास्टिक, टायर व अन्य सामग्री जलाने से न केवल वायु प्रदूषण होता है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ता है । प्रशासन अपील पर इस वर्ष शहर के अधिकांश जगह गोबर के उपले की होली जलाई गई। कीचड़- मिट्टी एवं रंग - गुलाल खेलने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। थोड़ी सी चूक के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रंग - गुलाल लगाने के दौरान आंखों की सुरक्षा का ख्याल रखा जाना चाहिए। अन्यथा आंख की रोशनी जा सकती है।

### होली पर्व की पौराणिक कथा

होली का त्यौहार प्रहलाद और होलिका की कथा से भी जुडा हुआ है। प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यपु नास्तिक थे। वह चाहते थे कि उनका पुत्र भगवान नारायण की आराधना छोड़ दे। परन्तु प्रहलाद इस बात के लिये तैयार नहीं था। हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को प्रहलाद के साथ आग में बैठने को कहा। होलिका को यह वरदान प्राप्त था कि वह आग में नहीं जलेगी। परन्तु होलिका का यह वरदान उस समय समाप्त हो गया जब उसने भगवान भक्त प्रहलाद को आग में जलाने करने का प्रयत्न किया। होलिका अग्नि में जल गई परन्तु नारायण की कृपा से प्रहलाद का बाल भी बांका नहीं हुआ।

## खबर संक्षेप

### आज व कल बंद रहेगा सुरम्य पार्क

**कटनी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होलिका दहन 24 मार्च व धुरेड़ी 25 मार्च को मनाया जाएगा रंगों के इस पर्व में शांति व्यवस्था को देखते हुए नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा निगम द्वारा संचालित सुरम्य पार्क को दिनांक 25 व 26 मार्च को बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं उक्त त्योहार पर पार्क में किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्व द्वारा अप्रिय घटना की स्थिति उत्पन्न न हो इसको दृष्टिगत रखते हुए सुरम्य पार्क में पर्यटकों को उक्त दो दिवस में पूर्णतः प्रवेश वर्जित होगा।

### असत्यापित पंजीकृत कृषकों के रकवे का होगा सत्यापन

**कटनी।** रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु पंजीयन नीति अनुसार ई-पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के असत्यापित रकवों के सत्यापन का कार्य किया जाना है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने पत्र के माध्यम से कटनी जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा वन एवं तहसीलदारों को विकासखण्ड विजयराघवगढ़, बड़वारा, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, ढीमरखेडा एवं रीठी, बरही, कटनी नगर एवं कटनी के पंजीकृत किसानों की चना, मसूर एवं सरसों के असत्यापित रकवें का उपार्जन नीति अनुसार सत्यापन किये जाने का आग्रह किया है।

### स्टेशनरी दुकान में आग

**कटनी।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी में देर रात उस समय अफरा तफरी मच गई जब गोलू रेस्टोरेंट के समीप एक स्टेशनरी दुकान में अचानक आग की लपटें उठने लगी। दुकान से लपटें उठती देख लोगों ने घटना की सूचना तत्काल माधवनगर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आग पर काबू पा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो आग आसपास मौजूद अन्य घरों और दुकानों को भी चपेट में ले लेती।

### स्व-सहायता समूहों, एन.जी.ओ. के लेखों के अनुवीक्षण के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने स्व-सहायता समूहों का निकटता से अनुवीक्षण कर एकांतर दिन की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर निगम, समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहायक आयुक्त एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कटनी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग में निर्देशानुसार, स्व-सहायता समूह, एन.जी.ओ. इत्यादि के सम्बन्ध में शिकायते प्राप्त होती है कि उन्हें निर्वाचन प्रचार के लिए उपयोग किये जा रहे धन, सामग्री का राजनैतिक पार्टियों, अभ्यर्थियों द्वारा वितरण के लिए साधन बनाया जाता है।

***27 मार्च को नोडल अधिकारी कक्ष में देना होगा जवाब***

# चुनाव के जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित 40 कर्मियों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा निर्वाचन के लिए आयोजित 21 मार्च से 23 मार्च तक चले तीन दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित 40 कर्मचारियों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने नोडल अधिकारी मैन पावर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने पत्र लिखा है।

नोडल अधिकारी मैनपावर नयन सिंह ने जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित रहे सभी कर्मचारियों के विभाग और कार्यालय प्रमुखों को पत्र लिखकर अपने विभाग के प्रशिक्षण से अनुपस्थित कर्मचारियों को स्पष्टीकरण जारी करने पत्र लिखा है। साथ ही स्पष्टीकरण का जवाब 27 मार्च को कलेक्ट्रेट कक्ष क्रमांक 80 में नोडल अधिकारी मैनपावर के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। स्पष्टीकरण समाधानकारक और समय-सीमा के भीतर प्राप्त नहीं होने पर इनके विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम के तहत वर्णित प्रावधान के अनुसार एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### इन्हें मिला नोटिस

प्रशिक्षण से अनुपस्थित कर्मियों में शिक्षक संध्या सिंह, उषा ताम्रकार, नत्थू लाल विश्वकर्मा, किशन सिंह मरावी, अनीता सिंह, हीरालाल कोल, अनुपमा गौतम, सीमा यादव, नेम नारायण जरहा, दशरथ नागेश्वर, रामशिला राणे, और लाजवंती शर्मा शामिल हैं। उप यंत्री मधु भलावी, शेष कुमार उसरेठे, अजय तोमर, राहुल खैरवार, गर्वित जोशी, गोविन्द प्रसाद धानक, गोविन्द सिंह गोंड, अभिजीत तिवारी, जे के सिवानी, मधु उपाध्याय, कृष्णराव हरीखेडे, अमर सिंह, प्रणीत चतुर्वेदी, गजेन्द्र चतुर्वेदी, चंद्र कुंवर सिंह, अमित मिश्रा, प्रज्ञा सिंह बघेल, संतोष द्विवेदी, राजेन्द्र बागरी, शिवकुमार चौधरी, शिवदत्त, अर्चना जैन, राजेश बोके, राजकुमार तिवारी एवं अनिल चक्रवर्ती, वीरेंद्र सिंह, आकांक्षा सेम्युअल और नीरव [illegible] शामिल हैं।

### जानकारी प्रेषित करने दिये गये निर्देश

कटनी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 91 बड़वारा, 92 विजयराघवगढ़ , 93 मुड़वारा एवं 94 बहोरीबंद के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मैरिज हाल, सामुदायिक भवनों में उपहार सामग्री, भोजन वितरण, पार्टी व्यय का लेखा, स्व सहायता समूह तथा एन.जी.ओ. एवं प्रिंटिंग प्रेसों के संबंध जानकारी निर्धारित प्रपत्र में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया है।

## होली मनाकर मतदान के लिए किया जागरूक



लोकसभा में शत–प्रतिशत मतदान करने के लिए भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। तरह तरह के विभिन्न जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है। मप्र जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित होने वाली सीएमसीएलडीपी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने उमरियापान महाविद्यालय परिसर में रविवार को होली का रंग, लोकतंत्र के संग की थीम पर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।इस मौके पर सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। छात्र छात्राओं और परामर्शदाताओं ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाया। होली पर्व की शुभकामनाएं देने के साथ लोकतंत्र के उत्सव में सहभागिता निभाने और मतदान करने को कहा।विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप गांव के प्रत्येक नागरिकों जानते और पहचानते हैं। जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं व मतदाता सूची में नाम शामिल हैं,ऐसे प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा।

# आधारकॉप से 2 क्विंटल लाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



आचार संहिता एवं होली पर्व पर शांति तथा सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस बल के द्वारा अवैध शराब के ठिकानों पर लगातार रेड कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने आधारकाप क्षेत्र में एक ठिकाने पर दविश देते हुए लगभग 200 किलो महुआ लाहन जप्त करने के बाद उसे मौके पर ही नष्ट कराया। साथ ही 10 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की।

कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिए गए हैं। जिसके तहत आज तड़के मुखबिर से सूचना मिलने के बाद रेड कार्यवाही के लिए तत्काल ही खिरहनी चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह को स्टाफ के सहित रवाना किया गया।

रविवार सुबह लगभग 7:00 बजे टीम के द्वारा आधारकाप क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने वाले एक आरोपी के ठिकाने में छापामार कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान यहां पर 200 किलो महुआ लाहन जप्त किया गया, साथ ही 10 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गई। अवैध शराब बरामद करते हुए पुलिस के द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

***एसपी के निर्देश पर जिले भर में की जा रही कार्यवाही***

# स्लीमनाबाद पुलिस ने 23 पेटी शराब तो बड़वारा पुलिस जब्त किया 5 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बड़वारा पुलिस ने एक महिला गांजा तस्कर के कब्जे से 05 किलो गांजा जब्त किया है। थाना प्रभारी एसआई किशोर द्विवेदी ने बताया कि एसपी के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

त्यौहार एवं लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते -हुए क्षेत्र का लगातार भ्रमण कराया जा रहा था गत दिवस सउनि. सतेन्द्र सिंह हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान सुहाना बाई पारधी 41 साल निवासी ग्राम बुढा थाना रीठी से 5 किलोग्राम गांजा जब्त किया जिसकी कीमत 75,000 रूपये आंकी गई। महिला के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। महिला को न्यायालय पेश किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. किशोर कुमार द्विवेदी, सउनि सतेन्द्र सिंह, सउनि मानकी इनवाती, प्र.आर. के.के. शुक्ला, आर. गौरीशंकर की विशेष भूमिका रही।

### 1.15 लाख की शराब जब्त

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव में दबिश देकर एक घर में बने बाड़े और शौचालय से 23 पेटी शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब एक लाख 15 हजार रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कौड़िया गांव निवासी संदीप कोल अपने साथियों के साथ मिलकर होली के त्यौहार के लिए अपने घर के आस-पास की झाड़ियों और शौचालय में अवैध रूप से शराब को छिपाकर रखा है।

पुलिस टीम ने सूचना के बाद कौड़िया गांव में दबिश दी। इस दौरान संदीप कोल को पकड़ लिया गया। संदीप के पास से 23 पेटी शराब जब्त की गई है। इसकी कीमत करीब एक लाख 15 हजार रुपए है। इस मामले में दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

## कलेक्टर न्यायालय के आदेश के बाद एस.डी.एम ने दर्ज कराई प्राथमिकी

# अवैध कालोनी निर्माण करने पर दो लोगों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

न्यायालय कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा ग्राम डोकरिया में अवैध कालोनी निर्माण के मामले में दिए निर्णय के बाद शनिवार को एस.डी.एम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई द्वारा बरही निवासी शारदा प्रसाद अग्रवाल और दिलराज किशोर अग्रवाल के विरूद्ध बरही पुलिस थाना में मध्य प्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 (घ) 2 के तहत एफ.आई .आर दर्ज कराई गई है।

### प्रविष्टि दर्ज करने निर्देश

न्यायालय कलेक्टर ने इस मामले में सुनवाई करते हुये अवैध कालोनी निर्माण किया जाना प्रमाणित होने पर एस.डी.एम विजयराघवगढ़ को शारदा प्रसाद अग्रवाल और दिलराज किशोर अग्रवाल निवासी बरही के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश देते हुए नायब तहसीलदार सिनगौड़ी को वर्तमान खसरा नम्बर 114/1 से 114/17 के खसरा अभिलेख में प्रबंधक कलेक्टर की प्रविष्टि दर्ज करने और कब्जा भूमि स्वामी से प्राप्त करने के निर्देश दिये थे।

### कालोनी विकास हेतु दल गठित

कलेक्टर ने कालोनी के विकास हेतु जांच दल भी गठित किया है। इस दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़, सहायक संचालक दृ तथा ग्राम निवेश, कार्यपालन यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी पी.डब्लू.डी. को शामिल किया था।

### यह है मामला

ग्राम डोकरिया स्थित भूमि खसरा नंबर 114/1 से 114/17 तक कुल 17 बटांक है जिसे शारदा प्रसाद, दिलराज किशोर के द्वारा संपूर्ण रकवा 0.71 हेक्टेयर भूमि को 17 भू-खंडों के रूप में विभाजित कर टुकड़ों में विक्रय किया गया है जो अवैध प्लाटिंग की श्रेणी में आता है।

नायब तहसीलदार सिनगौड़ी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में भी स्पष्ट है कि भूमि आवासीय प्रयोजन की दृष्टि से विक्रय किया गया है। विक्रय भू-खण्ड 0.01 हेक्टेयर से 0.04 हेक्टेयर के मध्य के हैं जो कृषि प्रयोजन से भिन्न है। साथ ही बिना सक्षम अनुमति के अवैध कालोनी निर्माण किया गया है।

### ले आउट व डायवर्सन भी नहीं

कलेक्टर न्यायालय द्वारा दिए गये निर्णय और आदेश के बाद एस.डी.एम विजयराघवगढ़ ने बरही पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि खसरा नंबर 114 को भू-खंड करके विक्री की गई है। इस भूमि का खसरा नंबर 114 का डायवर्सन नहीं कराया गया। वैध ले-आउट नहीं है और रेरा पंजीयन की भी जानकारी नहीं है।

सडक, सीवेज, सिस्टम पार्क, आदि सार्वजनिक उपयोग के कोई रकबा शेष नही बचा पक्षकारों और क्रेताओ के मध्य रोड रास्ते के लिए अक्सर विवाद होता रहता है। म.प्र. ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकाश) नियम 2014 के नियम 21 (1) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी कर इस आशय का जबाव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया कि उपरोक्त नियमो के तहत अनावेदकगणो के विरुद्ध क्यो न कार्यवाही की जाए तथा कॉलोनी का प्रबंधन क्यो न ले लिया जावे।

### बिना वैध अनुमति किया विक्रय

अनावेदक शारदा प्रसाद दिलराज किशोर द्वारा वैध अनुमति के बिना भूमि को भू-खण्डों के रूप में विभाजित कर पृथक-पृथक व्यक्तियों को भूमि विक्रय की गई है जो मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 (घ) (2) के अनुसार अवैध कालोनी निर्माण को प्रमाणित करता है। इसी के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मिलेगी पोस्टल बैलेट से वोट करने की सुविधा

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज मेंशामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान करायेंगे।



## खबर संक्षेप

### एसएसटी नाका ने जब्त किया साढ़े नौ लाख रुपए

**कटनी।** शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी बडवारा एवं एस डी एम ढीमरखेड़ा विंकी सिंहमारे उइके ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र क्रमांक -12 शहडोल अंतर्गत एस.एस.टी नाका धनवाही सिहोरा रोड में वाहन क्रमांक एम पी 20 जेड ए 8414 बुलेरो वाहन से साढ़े नौ लाख रुपए जब्त किए गए। एस एस टी द्वारा प्रारूप-10 ख प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि उनके द्वारा 23 मार्च को जांच के दौरान अरविंद सिंह परिहार पिता विश्राम सिंह परिहार निवासी बगधरी तहसील मझौली जिला जबलपुर के पास से 9 लाख 50 हजार रूपए पाये गये। इस राशि के संबंध में पूछताछ किए जाने पर बताया गया कि यह राशि शक्ति महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मझौली की है। इसे प्रथम दृष्टया संदिग्ध मानते हुये जब्ती की कार्यवाही की गई और पंचनामा बनाया गया है।

### डेटाबेस ऑनलाइन प्रविष्टि के विभाग प्रमुखों को निर्देश

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर विभाग प्रमुखों को उनके अधीनस्थ छूटे कर्मियों, नवीन पदस्थापना एवं स्थानांतरित कर्मचारियों की अनिवार्य रूप से कॉमन इलेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल में जानकारी फीड कराने हेतु एन.आई.सी. कक्ष में उपस्थित होकर संबंधित कर्मचारियों की जानकारी सर्वोच्च प्राथमिकता से फीड करानें के निर्देश दिए है। अपर कलेक्टर नें विभागीय अधिकारियों को जानकारी फ्रीज होने के उपरांत हार्ड कॉपी हस्ताक्षर सहित मैनपावर मैनेजमेंट कक्ष क्रमांक- 80 में भेजने हेतु निर्देशित किया है।

### सीसीटीव्ही कैमरा हेतु निर्बाध विद्युत उपलब्ध करानें निर्देश

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत ईव्हीएम रेण्डमाईजेशन की कार्यवाही सम्पन्न किये जाने हेतु ईव्हीएम एवं व्हीव्ही पीएटी को जिला ईवीएम वेयर हाउस से विधानसभा वार रिटर्निंग अधिकारी स्ट्रांग रूम में अंतरित होनें के पश्चात ईवीएम रिटर्निंग अधिकारी स्ट्रांग में संधारित की जावेगी। उक्त कार्य हेतु सीसीटीव्ही कैमरा एवं एलईडी टीव्ही स्थापित किये जाने की कार्यवाही जारी है। आयोग के निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी में स्थित स्ट्रॉग रूम की सतत निगरानी किये जाने हेतु निर्वाध विद्युत व्यवस्था किये जाने हेतु मण्डल अभियंता, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को निर्देशित किया गया है।

### रेस्टहाउस में बॉर्डर मीटिंग का आयोजन

**बड़वारा।** आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए चौकी खितौली रेस्ट हाउस में बॉर्डर मीटिंग का आयोजन किया गया । जिसमें एसडीओपी बिजयरावगढ़ केपी सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक उमरिया नागेंद्र सिंह, हेडक्वार्टर डीएसपी कटनी उमराव सिंह, थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र सिंह यादव, चौकी प्रभारी अमरपुर विजय सेन, थाना प्रभारी इंदवार मुकेश मर्सकोले, थाना प्रभारी चंदिया भानु प्रताप सिंह, थाना प्रभारी बड़वारा किशोर कुमार द्विवेदी सहित समस्त अधिकारी मौजूद रहे । मीटिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों की सूचनाओ के आदान-प्रदान एवं वारंटियों की धरपकड़ के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की गई ।

### सहायक समिति प्रबंधक की सेवा समाप्त

**कटनी।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटनी द्वारा ग्राम भरदा बडखेरा थाना स्लीमनाबाद निवासी कमलेश कुमार पांडेय को सुनाई गई 7 साल के कठोर कारावास एवं दो हजार रूपए से दंडित किए जाने के बाद सहायक समिति प्रबंधक के पद पर पदस्थ रहे श्री पांडेय की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। सहायक आयुक्त सहकारिता ने बताया कि संस्था कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कौडिया के समिति प्रबंधक द्वारा न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिप्रेक्ष्य में संस्था प्रबंधक द्वारा सेवा से पृथक कर दिया गया है। सहायक समिति प्रबंधक पांडेय को अपराध धारा 341, 307,506 के तहत 7 साल का कठोर कारावास एवं दो हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई।

### उपयंत्री की संविदा समाप्ति और ए.ई. सचिव, जीआरएस पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

# बिना कार्य कराए राशि कर दी खुर्द बुर्द लगाई फटकार, वसूली के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत सगौना के सचिव ब्रजमोहन गिरी, ग्राम रोजगार सहायक सरमन परस्ते और तत्कालीन उपन्यत्री पंकज शुक्ला और सहायक यंत्री को गुणवत्ताहीन मेढहा नवीन तालाब निर्माण हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 29 तारीख को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब चाहा गया है। जारी नोटिस के अनुसार समाधान कारक उत्तर नहीं पाए जाने पर तत्कालीन उपयंत्री पंकज शुक्ला के विरुद्ध संविदा समाप्ति और सहायक यंत्री, सचिव और जीआरएस के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सीईओ श्री गेमावत ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत सगौना में वर्ष 2021-22 में स्वीकृत नवीन मेढहा तालाब निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण हाल में ही किया था। स्थल निरीक्षण करने पर सीईओ श्री गेमावत आश्चर्यचकित रह गए थे जब उन्होंने पाया कि 14.99 लाख रुपए की राशि से स्वीकृत तालाब पर पोर्टल के अनुसार 13.59 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं लेकिन तालाब निर्माण कार्य की स्थिति तकनीकी मानकों के अनुरूप स्थल चयन सहित अनुपयोगी है। तालाब की टॉप विर्थ, हाइट, बंड, कंपेशन,अप डाउन स्टीम के अनुसार स्लोब का निर्माण नहीं, स्थल चयन अनुपयोगी, मिट्टी खुदाई की लीड आदि सभी कुछ एस्टीमेट के अनुरूप नहीं पाए जाने तथा कार्य की प्रगति के अनुपात में अत्यधिक राशि आहरित कर दुरुपयोग कर ली गई है।

मेढहा निर्माण कार्य को देखते ही जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने कार्य स्वीकृत और व्यय राशि के संबंध में जानकारी ली। समाधान कारक उत्तर नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए डांट लगाई। उपयंत्री और सहायक यंत्री को भी अनुपयोगी स्थल चयन पर फटकार लगाते हुए कार्यों की निगरानी बेहतर तरीके से किए जाने के निर्देश दिए।

#### मौके पर ही पंचनामा बनवाया

कार्यस्थल पर सूचना पटल नहीं बनाए जाने और माप पुस्तिका का अवलोकन नहीं करा पाने के कारण प्रत्यक्षदर्शियों के सम्मुख पंचनामा बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान एई, उपयंत्री,सरपंच, सचिव, जीआरएस और स्थानीय नागरिक मौजूद थे। सीईओ ने स्थल पर ही कहा कि दोषी पाए जाने पर सर्व संबंधितों को बख्शा नहीं जाएगा।

#### सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश

इस संबंध में उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ, एपीओ मनरेगा को ढीमरखेड़ा विकासखंड के निर्माण कार्यों की सतत निगरानी और रैंडमली परीक्षण कर जांच कर दोषियों के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए ताकि वित्तीय अनियमितता बरती जाने पर सर्व संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# जल ही जीवन है, इसे सहेजने सभी करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे के निर्देशन एवं अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लक्ष्मी नायक के मार्गदर्शन में अर्थशास्त्र विभाग में विश्व जल दिवस पर पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का शुभारंभ डॉक्टर धीरज खरे ने विषय प्रवर्तन करते हुए किया। डॉ. खरे ने दैनिक जीवन में जल की आवश्यकता एवं महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि जन्म से मृत्यु तक जल की आवश्यकता होती है अतः जल संरक्षण पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुनील कुमार त्रिपाठी ने विश्व जल दिवस की आवश्यकता, महत्व, एवं इसके ऐतिहासिक कारणों पर व्यापक चर्चा करते हुए भारत में जल की वर्तमान स्थिति, चुनौती तथा इसके कारण उत्पन्न होने वाले भावी जल संकटों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रोफेसर त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसकी घोषणा 1992 में रियो डी जनेरियो में आयोजित संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण एवं विकास पर सम्मेलन में किया गया और प्रथम विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया।

प्रोफेसर त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि जल के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसे वैश्विक स्तर पर धारणीय विकास लक्ष्य में छठें लक्ष्य "वर्ष 2030 तक सभी के लिए जल एवं स्वच्छता" के रूप में रखा गया है। वर्तमान में भारत के कई राज्य यथा गुजरात, राजस्थान, उड़ीसा, और महाराष्ट्र इत्यादि जल तनाव की स्थिति से गुजर रहे हैं और समय रहते यदि ध्यान नहीं दिया गया तो निकट भविष्य में भारत जल संकट की स्थिति में पहुंच जाएगा। जल की वजह से भारत में न केवल विभिन्न राज्य जैसे केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु इत्यादि आपस में लड़ रहे हैं बल्कि अंतरराष्ट्रीय जल विवाद भी बढ़ रहे हैं। इनमें सिंधु नदी के जल को लेकर भारत-पाकिस्तान के साथ विवाद, ब्रह्मपुत्र नदी के जल को लेकर भारत - चीन विवाद, तीस्ता नदी के जल को लेकर भारत - बांग्लादेश विवाद प्रमुख है।

### कोतवाली पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में किया सदलबल भ्रमण

# अपराधिक तत्वों को सख्त हिदायत, कहा उत्पात मचाया तो याद दिला देंगे नानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के सबसे संवेदनशील क्षेत्र खिरहनी में बीती रात उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया के नेतृत्व में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा एवं शहर के तीनों थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंच गए। खिरहनी क्षेत्र की तंग गलियों में भ्रमण करते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एवं थाना प्रभारी अपराधिक छवि वाले लोगों को यह हिदायत देते नजर आए कि यदि होली और चुनाव के दौरान जरा भी उत्पाद मचाया तो फिर नानी याद दिला देंगे।

देर रात के रानी क्षेत्र में की गई गस्त को लेकर जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि चुनाव एवं होली पर्व के दौरान किसी भी अनहोनी घटना को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी, कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे और माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर ने फोर्स लेकर खिरहनी क्षेत्र के अंदरूनी हिस्सों में दविश दी। इस दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करते हुए आपराधिक छवि के लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से जीवन निर्वाह करने की सलाह दी गई। कोतवाली थाना प्रभारी श्री शर्मा ने कहा कि चुनाव एवं पर्व के दौरान यदि किसी भी तरह की घटना में संलिप्तता पाई गई तो फिर अपराधियों को पुलिस का उग्र रूप देखना पड़ेगा।

इस दौरान भ्रमण करते हुए पुलिस के द्वारा काली फिल्म लगाकर चल रहे वाहन चालकों को सख्त हिदायत देते हुए उनके वाहनों से काली फिल्म भी हटवाई गई।

### निष्पक्ष एवं बिना भय के मतदान करने समझाइश



मतदान आपका अधिकार है और कर्तव्य भी। आपका एक वोट अमूल्य होने के साथ लोकतंत्र के सशक्तिकरण में बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए मतदान दिवस के दिन घर से निकल कर मतदान केंद्र पहुंचिए और भयमुक्त, निष्पक्ष होकर बिना किसी प्रलोभन और लालच में आए मताधिकार का उपयोग करिए। जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री शिशिर गेमावत के निर्देश पर मतदाता जागरूकता की गतिविधियां संचालित की जा रही है। जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह एवं स्वीप प्रभारी जग्गी पटेल ने बताया कि आज ग्राम पंचायत घंघरीखुर्द,घंघरीकला एवं पटवारा के मुख्य मार्गों और चौराहों में डिजिटल रथों द्वारा मतदान करने का संदेश दिया गया अन्य जनपद पंचायत में भी मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# छत पर बागवानी एवं मोटा अनाज उत्पादन करने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने तथा कृषि को लाभ का धंधा बनाने कम लागत तकनीकी के अंतर्गत प्राचार्य डॉक्टर एस के खरे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के क्रम में छत पर बागवानी को रूफ टॉप गार्डन या टेरेस गार्डन के रूप में जाना जाता है छत पर उद्यानिकी की विधि के अंतर्गत छत पर बागवानी के लिए गमले की तैयारी गमलों की भराई एवं जगह का चुनाव गमलों को रखने का तरीका टेरेस गार्डनिंग के लिए उपयुक्त पौधे सब्जियों फलों एवं फूलों के पौधे पत्तेदार सब्जियां जड़ी बूटियां एवं वर्टिकल गार्डनिंग के लिए पौधे तथा खाद एवं पोषक तत्व खरपतवार तथा सिंचाई कीट एवं रोग प्रबंधन का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

मोटे अनाज के अंतर्गत बाजरा की कृषि कार्य माला का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया इसके अंतर्गत भूमि का चुनाव खेत की तैयारी बोनी का समय एवं तरीका बीज की मात्रा उन्नत एवं शंकर किस्म बीज उपचार तथा कल्चर उपयोग जैविक खाद सिंचाई एवं खरपतवार प्रबंधन अंतरवर्तीय फसल कीट एवं रोग उनका नियंत्रण कटाई गहाई एवं भंडारण का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए लोगों को किया प्रेरित

# स्वीप गतिविधियों के तहत जिले भर में आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला मुख्यालय कटनी स्थित फारेस्टर ग्राउण्ड खेल मैदान में होली के रंग लोकतंत्र के संग 'होली का रंग बिखरेगा मतदान प्रतिशत निखरेगा' थीम पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिले मे कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। ऐसे में होली पर्व पर भी लोगों को मतदान को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को मतदाता



जागरूकता अभियान के तहत होली के रंग, लोकतंत्र के संग कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मे स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, सहित शासकीय कर्मियों की भूमिका सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम में रंगोली और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया गया। युवाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को गुलाल-अबीर लगाते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। तो वहीं जनपद पंचायत रीठी के सभी ग्राम पंचायत में मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन बिना किसी डर भय के मतदान किए जाने हेतु प्रेरित किया गया एवं मतदान की शपथ दिलाई गई। ढीमरखेड़ा के विभिन्न ग्राम पंचायतों सहित ग्राम पंचायत देवरीकला में होली के रंग लोकतंत्र के संग के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

वहीं सिलोड़ी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवम ग्रामीण महिलाओं द्वारा स्थानीय फाग के साथ होली के रंग लोकतंत्र के संग गतिविधि का आयोजन किया गया। लोकतंत्र को और अधिक सशक्त करने हेतु लोकसभा निर्वाचन में अधिकाधिक मतदान के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही हैं।

### होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी

# संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती व निगरानी करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

होली मिलन धुरेड़ी आज सोमवार 25 मार्च एवं मंगलवार 26 मार्च को भाई दूज, परीवा पर्व को शांतिपूर्ण एवं माईचारें के साथ मनाए जाने हेतु अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा आवश्यक कार्यवाही के निर्देश विभिन्न विभाग प्रमुखों दिए है।

अपर कलेक्टर द्वारा जारी कार्यवही विवरण अनुसार थाना प्रभारी यातायात को 24 मार्च की शाम 6 बजे से लेकर 25 मार्च को रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश शहर के भीतर प्रतिबंधित करने की कार्यवाही हेतु कहा गया है। होली पर्व पर जिले में देशी एवं विदेशी शराब के विक्रय आबकारी विभाग दिशा- निर्देशों के विपरीत पाए जाने पर पुलिस एवं जिला आबकारी विभाग द्वारा तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

जिले में स्कूलों एवं अन्य महाविद्यालयों की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए लागू धारा 144 के तहत डी.जे. एवं साउण्ड स्कूलों, महाविद्यालयों तथा अस्पतालों के आस पास पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अन्तर्गत जिला कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कटनी के आदेशानुसार संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी (रा.) जिला कटनी से ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति लेना अनिवार्य है। लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु जारी आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने की कार्यवाही नगर पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा की जायेगी।

होलिका दहन को दृष्टिगत रखते हुए हरे भरे वृक्ष को काटने की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही हेतु वन मण्डलाधिकारी एवं समस्त तहसीलदार,नायब तहसीलदार द्वारा की जायेगी। वृक्षों की कटाई न हो इसलिए वन विभाग द्वारा होलिका दहन के लिये नियमानुसार शासकीय दर पर लकड़ी उपलब्ध कराने तथा अधिक से अधिक कंडो का उपयोग कराने पर विशेष ध्यान देने की कार्यवाही का दायित्व सौंपा गया है।

अधीक्षण यंत्री म.प्र. विद्युत मण्डल को 25 एवं 26 मार्च को शहर में निर्वाध विद्युत की व्यवस्था की अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के साथ ही बिजली के तारो, ट्रांसर्फमरों के आसपास होलिका दहन न हो सके इस बात पर विशेष ध्यान देने का दायित्व सौंपा गया है। होलिका दहन कार्यक्रम में आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों का दायित्व संबंधित समितियों का होगा। डामर रोड पर होलिका दहन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ ही होलिका दहन पश्चात बची हुई सामग्री (राख) को उठाने की व्यवस्था का दायित्व नगर निगम सौपा गया है।समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व तथा एस.डी.ओ.पी. पुलिस को होली पर्व के दौरान हर्बल रंग, गुलाल का ही उपयोग होवे, हानिकारक पेंट, ऑयल पेंट, कीचड़, गोबर, पीली मिट्टी इत्यादि के उपयोग के उपयोग पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का दायित्व सौंपा है।


होली पर्व के पूर्व शहर में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था एवं पानी की आवश्यकता आपूर्ति करने, सुगम यातायात के चलते होली पर्व के पूर्व रंग-गुलाल कि दुकानों को व्यवस्थित लगवाने की व्यवस्था करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर होलिका दहन समितियों को भी आस पास सफाई बनाये रखने का दायित्व आयुक्त नगर निगम एवं यातायात निरीक्षक कटनी, शहर में स्थित समस्त होलिका दहन समितियों को सौपा है।

समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व एवं एस.डी.ओ.पी. पुलिस को होली के पूर्व प्रत्येक थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर होली पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही होली के पूर्व से 27 मार्च तक संवेदनशील इलाकों में पुलिस की तैनाती करने तथा पर्व के नाम पर जबरन चंदा वसूली न हो, निगरानी रखने हेतु कहा गया है।

जिला चिकित्सा अधिकारी को होली पर्व पर जिला अस्पताल में आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में 24 घंटे डॉक्टर्स की मय स्टाफ की ड्यूटी रोस्टर अनुसार लगाने एवं पर्याप्त दवाईयां भी उपलब्ध सुनिश्चित कराने के साथ ही जिला अस्पताल के सामने के 02 मेडिकल स्टोर्स हर समय खुले रखे जाने के अलावा जिले की सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में रोस्टर अनुसार 24 घंटे एक डाक्टर मय स्टाफ कर्मचारी तथा दवाइयों की किट सहित व्यवस्था करने का दयित्व सौंपा गया है।

# शातिर बदमाश जिले की सीमा में नहीं कर सकेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बरही थाना क्षेत्र में विभिन्न आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को न्यायालय के आदेश के बाद बरही पुलिस ने कटनी सहित पांच जिलों की सीमाओं से बाहर भेजते हुए उसे न्यायालय द्वारा निर्धारित की गई अवधि में इन सीमाओं के अंदर प्रवेश न करने की हिदायत दी है।

जानकारी देते हुए विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह ने बताया कि 5 मार्च 2024 को न्यायालय जिला दंडाधिकारी महोदय जिला कटनी के आदेश के परिपालन में थाना बरही के जिला बदर के आरोपी धीरज प्रजापति पिता मिश्री लाल प्रजापति उम्र 23 वर्ष निवासी छिंदियाटोला थाना बरही जिला कटनी मप्र को नोटिस की तमील कराकर गत दिवस कटनी जिले की निकटवर्ती सीमाओं जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना, उमरिया की राजस्व सीमाओं से बाहर जिला सतना ले जाकर छोड़ा गया।

शातिर बदमाश को पुलिस के द्वारा आदेश के अनुसार प्रतिबंधित अवधि में उपरोक्त जिलों की राजस्व सीमाओं में प्रवेश न करने की हिदायत दी गई है। साथ ही उसे यह भी समझाइस दी गई है कि यदि किसी भी तरह की अपराधिक गतिविधियों या फिर प्रतिबंधित अवधि में प्रवेश होना पाया जाता है तो इसके दुष्परिणाम उसे भोगने पड़ेंगे।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन के तहत परिचय पत्र जारी करने के लिए नोडल अधिकारी के अधीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। राजस्व निरीक्षक कमल किशोर शर्मा और अनुरेखक शिवकुमार सारवान की ड्यूटी उक्त कार्यों के संपादन के लिए निर्धारित की गई है।

### प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिला स्तर से अधिग्रहित विभिन्न वाहनों को डीजल प्रदान करने के लिए डीजल पर्ची जारी की जाएगी। पर्ची जारी करने और पेट्रोल पम्प से जारी देयकों के सत्यापन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना संजय नागवंशी को प्रभारी अधिकारी और प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख त्रिलोक सिंह पूसाम को सहायक नियुक्त किया गया है।

### आईटी इनकोर संबंधी कार्यों के लिए लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए रिर्टिनंग अधिकारी कार्यालय पन्ना में आगामी 28 मार्च से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। इस संबंध में आईटी इनकोर से संबंधित कार्यों के संपादन के लिए लोकसेवकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इसके लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सितांशु राय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्य में सहयोग के लिए ई-गवर्नेंस प्रबंधक दीपक सोनी, सीनियर डाटा मैनेजर मृदुल श्रीवास्तव, प्रोग्रामर पीयूष रंजन श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रशिक्षक वैभव सोनी और डाटा एंट्री ऑपरेटर शैलेन्द्र श्रीवास्तव की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में गहराया पेयजल संकट

# जबेरा जंप गांवों में पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि, एक सप्ताह से पेयजल सप्लाई ठप्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जंप में लोगों की प्यास बुझाने वाली नलजल योजना कई गांवों में अव्यवस्थाओं के चलते हांप रही अब शासन-प्रशासन द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यस से हर घर में पानी पहुंचाने का दावा और वादा किया जा रहा है। हकीकत तो यह है कि इस योजना के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी पलीता लग रहा है। सरकार ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन योजना के तहत घर घर पानी पहुंचाने का दावा कर रही है,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग नजर आ रही है नियमित पेज सप्लाई नही होने कि समस्या सामने आ रही है,जिसकी ओर अधिकारी कर्मचारियों का ध्यान नहीं है जय सियाराम। जिसके कारण कई दिनों तक ग्रामीण क्षेत्रों में पानी नही पहुंच रहा है। देखा गया कि जल जीवन मिशन योजना शुरू होते ही अनेक ग्राम पंचायतों में संचालित नल जल योजना यह समस्या सामने आ रही हैं। जिससे अब ग्रामीण सिर्फ जल जीवन मिशन योजना द्वारा सप्लाई होने वाले पेयजल पर निर्भर होकर रह गए है। पेयजल सप्लाई बंद होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट से झूझना पड़ रहा है,जबकि अभी गर्मी का मौसम शुरू हो गया है वावजूद इसके जबेरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनवार- घटेरा सहित अन्य पंचायतों का है, जहां बीते करीब छः दिनों से पानी की टंकियों में पानी ही नही पहुंच रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल जल संकट से झूझना पड़ रहा है। कुछ दिन पूर्व पानी सप्लाई करने बाली मैन पाइप लाइन में लीकेज होने की जानकारी मिली थी,लेकिन करीब छः दिन का समय बीत जाने के बाद भी लीकेज पाइप लाइन में सुधार नही हुआ। जिसके कारण जबेरा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनवार, घटेरा, मनगवा मानगढ़, हरदुआ मानगढ़ ,गोलापट्टी एवं सगरा सहित अनेक पंचायतों की पानी की टंकियां खाली पड़ी हुई है । ग्रामीणों का कहना है की अभी मार्च माह में गर्मी की शुरूआत है और आने वाले माह अप्रैल एवं मई में भीषण गर्मी होगी। अगर कई दिनों तक जल जीवन मिशन योजना से ग्रामीणों अंचलों में बनी पानी की टंकियों में पानी ही नही पहुंचेगा,तो ग्रामीणों को विकराल जल संकट जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जल निगम के कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार बीते तीन चार दिनों से प्रेसर की समस्या के कारण पानी की टंकियों में पानी नही पहुंच रहा है। जल जीवन मिशन योजना जिला अधिकारी उमेश नामदेव कहना है की में अभी बाहर हूं।पानी की टांकियों में बीते पांच छः दिनों से पानी नही पहुंचा आपके द्वारा मेरे संज्ञान में यह बात आई है जानकारी लेता हू। जलजीवन मिशन योजना के सहायक इंजीनियर अरविंद सिंह का कहना है। पहले लीकेज की समस्या थी जिसमे सुधार हो गया है ।लेकिन अब पानी सफलाई में कम प्रेसर आने के कारण टांकिया में पानी नही पहुंच पा रहा है।

## जलसंकट : साइकिल बैलगाड़ी से ढोने मजबूर



**तेन्दूखेड़ा।** प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी और उदासीनता के कारण ब्लॉक के कुछ गांव के लोग शुरुआती गर्मियों में और मार्च के अंत में ही जलसंकट से जूझने लगे हैं। ग्रामीण प्यास बुझाने के लिए दूरदराज से पानी लाने को मजबूर हो रहे हैं, जबकि गांवों में पानी की सुविधा के लिए सतधरू परियोजना के तहत हर ग्राम पंचायत और गांव में पाइप लाइन डालकर कनेक्शन दिए गए हैं। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा भी नलजल योजना, हैंडपंप आदि लगाए हैं, लेकिन ये सभी बंद हैं। आलम ये है कि पानी की किल्लत की वजह से यहां-वहां से पानी का उपयोग करने ग्रामीण मजबूर हैं या फिर एक से दो किलोमीटर दूर का सफर तय कर पानी ढोकर प्यास बुझानी पड़ रही है। ग्रामीण कई बार अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक पानी की सुविधा कराने गुहार लगा चुके हैं, पर उन्हें आश्वासन ही मिला है। अब ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। ऐसे हालात तेंदूखेड़ा ब्लॉक के गांवों में देखे जा सकते हैं।

### ग्राम पतलोनीः आधे से ज्यादा बस्तीवासियों को पानी नहीं

ब्लॉक की ग्राम पंचायत पतलोनी। यहां की आबादी करीब 3 हजार के आसपास है, लेकिन यहां पर आधी बस्ती में पानी की समस्या बनी हुई है और अल सुबह से लोग पानी के इंतजाम में लग जाते हैं। ग्राम पतलोनी में कुछ बस्ती और मोहल्ले में पानी नहीं पहुंचने से लोगों को यहां-वहां से इंतजाम करना पड़ रहा है। ग्राम के लोग सुबह से बैलगाड़ी से पानी ढोने लग जाते हैं, जहां वह तेजगढ़ और आसपास से पानी का जुगाड़ करते हैं। अभिषेक अहिरवार ने बताया कि वह सुबह से पानी का इंतजाम करने में लग जाते हैं। क्योंकि परिवार में मांगलिक कार्यक्रम है और पानी नहीं पहुंच है। ना ही संतधरु योजना की लाइन चालू हुई है, जिसके कारण परेशान होना पड़ रहा है, अभी तो गर्मी शुरू हुई है, अप्रैल, मई व जून में क्या होगा, पता नहीं।

### ग्राम माड़नखेड़ाः नलों में नहीं आ रहा पानी

इसी तरह ब्लॉक की ग्राम पंचायत माइनखेड़ा में भी पानी की समस्या से ग्राम के लोग जूझ रहे हैं। यहां पर ग्राम पंचायत के नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है, तो वहीं ग्राम में लगे हैंडपंप खराब हालत में पड़े हुए हैं, जिनसे सिर्फ हवा निकल रही है। वहीं दूसरी ओर जल निगम की संतधरू परियोजना की पाइप लाइन और कनेक्शन घर-घर में किए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक घरों में पानी नहीं पहुंचा है। राजेंद्र लोधी ने बताया कि ग्राम पंचायत माइनखेड़ा में सरपंच, सचिव और अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई और सुधार कार्य नहीं कराया जाता है, जिसके कारण पानी की दिक्कत शुरू हो गई है, जहां सुबह से पानी का इंतजाम करना पड़ता है।

## स्वागत द्वार पर लगे संकेतक बोर्ड हटाए जाने से आक्रोश



### अधिकारी बोले हटाए नहीं जायेंगे सिर्फ स्थान परिवर्तन किया जा रहा है

**बनवार।** जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर स्टेशन चौराहे पर दमोह कटनी मार्ग पर एक ब्रिज के निर्माण का कार्य चल रहा है । ब्रिज के निर्माण में बांदकपुर धाम जाने वाले स्वागत द्वार सांकेतिक बोर्ड को निर्माण कंपनी के द्वारा हटाया जा रहा है जिसमे भारत सरकार संस्कृति पर्यटन मंत्रालय द्वारा लगाया गया एक बोर्ड को भी हटाकर सड़क किनारे एक तरफ डाल दिया गया। निर्माण एजेंसी के द्वारा बोर्ड हटाने का जो तरीका अपनाया गया है उसको लेकर शिव भक्तों में भारी आक्रोश है क्योंकि स्वागत द्वार लगे संकेतक हटाने का तरीका गलत है। इनको हटाकर सड़क किनारे कचरे में डाल दिया गया जिसको लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिवभक्तों का कहना है कि हटाए जा रहे संकेतिक बोर्ड स्वागत द्वार को व्यवस्थित स्थान चिन्हित कर लगाया जाए। क्योंकि दमोह कटनी मार्ग पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भक्त बांदकपुर आते हैं सांकेतिक बोर्ड के हटाए जाने से अब भक्तो को भटकना पड़ेगा। जिससे उन्हें असुविधा होगी भक्तों की सुविधा को देखते हुए पुनः व्यवस्थित स्थान पर हटाए जा रहे सांकेतिक बोर्डों को लगाया जाए। ब्रिज निर्माण विभाग के उपयंत्री महेंद्र यादव का कहना है ब्रिज निर्माण के लिए संकेतक बोर्ड के स्थान पर कॉलम आ रहे थे इस कारण स्थान परिवर्तन के लिए यह बोर्ड हटाए गए हैं। इन्हें व्यवस्थित लगाया जाएगा। ब्रिज निर्माण के चलते कुछ जगह पर बिजली पोल एवं पेड़ पौधे भी आ रहे हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों के विजिट भी करवाई गई है और जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।

## आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे के निर्देशन में आबकारी दमोह व्रत अ के अंतर्गत थाना तेजगढ़ के अंतर्गत स्थित विभिन्न स्थानों एवं व्रत ब के अंतर्गत दमोह शहर के अंतर्गत जबलपुर नाका एवं पॉलिटेनिक कॉलेज के पीछे स्थित विभिन्न स्थानों की तलाशी लेने पर कुल 15 पाव देशी मदिरा जप्त की गई तथा 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 800 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। मौके पर विधिवत कार्रवाई कर कुल 06 प्रकरण आबकारी अधिनियम के अधीन कायम कर मदिरा को विधिवत जप्त किया गया। उपरोक्त कार्रवाई दमोह आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी अधिकारी के. पी. गांधी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, व्रत ब प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार गौंड एवं अनुरोध सेन के द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक जगदम्बा प्रसाद पांडेय, हरिसिंह घुरैया, छोटेलाल चौरसिया, कुलदीप कटारे, तपिश हल्वी, भूपति सिंह,अरविंद कुमार, गीतांजलि गुप्ता एवं मेघा अहिरवार सहयोगी रहे।

## गैसाबाद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**हिनौताकला।** ग्राम हिनौता कला में लोकसभा चुनाव 2024 के सुरक्षा के मद्देनज़र गैसाबाद पुलिस द्वारा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के नेतृत्व में चौराहों पर वाहन चेकिंग का अभियान चलाया गया जिसमें थाना प्रभारी के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा। जिसमें सभी प्रकार के वाहनों की दस्तावेज की जांच एवं तलाशी अभियान चलाया गया। जिसमें अवैध हथियार गैर प्रमाणित नगदी अवैध मादक पदार्थ की जांच की गई एवं लोगों को निर्भीक होकर चुनाव में मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। चालकों को समझाईश दी गई। आवारा पशुओं को देखकर वाहन चलाएने सहित हेलमेट लगाने की हिदायत दी।। पुलिस के ऐसे कार्यों से आसामाजिक तत्वों में डर का माहौल बना एवं लोगों को पुलिस की मौजूदगी से भय मुक्त वातावरण का आभास हुआ।

### पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन में लगी भीषण आग, धू-धू कर जल रहे जंगल

**पन्ना।** टाइगर रिजर्व पन्ना के बफर जोन अंतर्गत अजयगढ़ कस्बे से लगे पैलेस के पीछे के जंगलों में भीषण आग लगने से यह जंगल धू-धू कर जल रहे हैं। जबकि विगत दिनों पन्ना टाइगर रिजर्व की नवागत क्षेत्र संचालक अंजना रुचिता तिर्की, और उपसंचालक मोहित सूद के द्वारा भ्रमण कर निरीक्षण भी किया गया था और वन विभाग व बफर जोन के अधिकारी कर्मचारियों को वनों को आग से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी गई थी, इसके बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया, नतीजा गर्मियों की शुरुआत में ही यहां भीषण आग देखी जा रही है।

### होम वोटिंग के लिए दल का प्रथम भ्रमण 14 से 19 अप्रैल तक

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत अनुपस्थित श्रेणी वाले मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। इस संबंध में बीएलओ द्वारा ऐसे पात्र मतदाताओं से भरे गए हस्ताक्षरित फार्म 12-डी आगामी 2 अप्रैल तक एआरओ को उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाएगी। सेक्टर अधिकारी द्वारा प्रतिदिन वितरित एवं प्राप्त फार्मों की मॉनीटरिंग कर एआरओ से समन्वय स्थापित किया जाएगा। 3 अ्रपै्रल को प्राप्त आवेदनों की जांच कर रिजेक्शन के संबंध में कारण सहित निर्वाचक को सूचित करने की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह 4 से 6 अप्रैल तक मतदान दलों की होम विजिट के लिए रूट चार्ट व कार्यक्रम का निर्धारण कर अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा और घर से मतदान की तिथि एवं समय के बारे में मतदाता को सूचित किया जाएगा। इसके अलावा होम वोटिंग प्रारंभ होने के दिनांक से एक दिवस पूर्व तक होम वोटिंग वाले निर्वाचकों की सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों को प्रदान की जाएगी। मतदान दल द्वारा 14 से 19 अप्रैल तक प्रथम चरण में पात्र मतदाताओं से घर पहुंचकर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी, किन्हीं कारणोंवश अनुपस्थित मतदाताओं के घर पर मतदान दल द्वितीय भ्रमण के दौरान 20 से 22 अप्रैल की अवधि में पहुंचेगा।

### खनिज विभाग द्वारा कुल 165 कार्यवाहियां

दमोह। खनिज अधिकारी ने बताया कि 01 अप्रैल 2023 से 23 मार्च 2024 तक अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कुल 165 प्रकरण दर्ज किए गए। उन्होंने बताया उक्त प्रकरणों में शास्ति एवं प्रशमन राशि 01 करोड़ 05 लाख 94 हजार 952 रुपये वसूल किये गए हैं तथा 29 प्रकरणों में सम्बंधित उल्लंघन कर्ताओं को कारण बताओ सूचना जारी किया जाकर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## शहीद दिवस पर किया शहीदों को नमन



**दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय में एन. एस. एस. इकाई द्वारा 23 मार्च को शहीद भगत सिंह सुकदेव एवं राजगुरू के बलिदान दिवस पर एक संगोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के एन. एस. एस. प्रभारी संजय विश्वकर्मा द्वारा भगत सिंह के जीवन परिचय एवं सुकदेव व राजगुरू के देश के प्रति बलिदान को याद किया । एन. एस. एस. इकाई के स्वंय सेवको द्वारा एवं छात्र/छात्राओं ने इंकलाब जिन्दाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाये। शहीद दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा छात्र/छात्राओं को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी प्रदान की गयी जिसमें द्वितीय जिला न्यायधीश श्रीमति रजनी प्रकाश वाथम एवं रजनी चैरसिया द्वारा छात्र/छात्राओं को हेल्पलाइननं. 15100 की जानकारी भी दी।

## एनएसएस शिविर के उद्घाटन में मतदाता जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ आवासी शिविर आंगनबाड़ी केंद्र अथाई में लगाया गया। इसके उद्घाटन दिवस के अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी स्वीप एवं प्राचार्य डॉ के पी अहिरवार ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन डॉ जितेंद्र कुमार चौधरी ने मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया। साथ ही उक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रंगों के इस त्यौहार के माध्यम से एक बड़े आकार से स्वीप चिन्ह बनाकर रंग गुलाल से होली के इस पर्व को धूमधाम से मनाते हुए आपसी सद्भाव भाईचारे के साथ आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने के लिए जागरूकता का प्रचार प्रसार किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शिविर स्थल ग्राम अथाई के समीप के गांव के निवासियों को मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के गणित के प्राध्यापक रमेश प्रसाद अहिरवार ने विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक बातें बताई। इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र धाकड, कमल दास मानिकपुरी, अमन खरे, सलीम खान द्वारा विद्यार्थियों को शिविर में अनुशासन सद्भाव भाईचारे के साथ लोकतंत्र की प्रहरी के रूप में मतदान अनिवार्य रूप से करने और करने के लिए जागरूक किया गया। स्वीप समिति सदस्य सिद्धार्थ जवारकर, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह श्री सौरभ खरे सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## विश्व क्षय दिवस पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बैक के मार्गदर्शन में जिला क्षय केंद्र दमोह के मीटिंग हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के राज्य प्रबंध कार्यकारणी समिति सदस्य पंडित कृष्ण कुमार परोहा रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बेक के द्वारा की गई, मंचासीन अतिथि में वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर प्रहलाद पटेल, जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर गौरव जैन जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कटारे ,सीपीएससी सलाहकार ओम प्रकाश पटेल, डीसीएम ऋषि राज उपस्थित रहे, मंच का सफल संचालन बी. एम. दुबे के द्वारा किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के पूजन से शुभारंभ हुआ एवं एनटीइपी स्टाफ के द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया, कार्यक्रम में प्रथम वक्ता के रूप में जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन ने बताया कि 24 मार्च विश्व क्षय दिवस पर कार्यशाला का आयोजन जन जागरूकता के लिए किया जा रहा है, आज ही के दिन टीबी के बैक्टीरिया माइक्रो बैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस की खोज करने वाले वैज्ञानिक राबर्ट कोच का आज जन्म दिवस है, इस उपलक्षय में आज विश्व क्षय दिवस का आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर प्रहलाद पटेल ने बताया कि टीबी की बीमारी का इलाज अब संभव है, अगर सही समय पर रोग की पहचान कर इलाज ले लिया जाता है, तो 6 से 8 महीने में टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है, इसके लिए उन्होंने सभी से आह्वान किया, कि जो भी टीबी के मरीज है वह अपना इलाज नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्था में करा के समय से अपना उपचार ले। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के उद्बोधन में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पंडित कृष्ण कुमार परोहा ने बताया, कि यह बीमारी पहले राजा महाराजाओं को हुआ करती थी, पर अब किसी भी व्यक्ति को टीबी की बीमारी हो सकती है, केंद्र सरकार और राज्य सरकार के जो द्वारा टीबी का नि शुल्क इलाज सभी शासकीय संस्थाओं में किया जाता है, साथ में पौष्टिक आहार के लिए 500 रूपये की पोषण राशि डीवीटी के माध्यम से मरीज के खाते में 6 माह तक दी जाती है, श्री परोहा ने बताया कि टीबी के इलाज के साथ-साथ यदि टीबी मरीज सुबह के समय बहुत धीमी-धीमी गति से अनुलोम-विलोम प्राणायाम करना प्रारंभ कर देता है, तो निश्चित रूप से उसका हीमोग्लोबिन बढ़ने लगता है, शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा पर्याप्त पहुंच जाती है और जब ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में शरीर में पहुंचती है तो हमारा जो ब्लड रहता है उसमें मिलकर के वह ऑक्सिजनेटेड ब्लड बनाती है और फिर सिर लेकर पैरों तक सभी भागों में पहुंच करके हमारे शरीर की एक-एक सेल्स, एक-एक कोशिका को जीवंत कर देती है, सभी उपस्थित जन सामान्य से में आग्रह करना चाहूंगा, कि आपके गांव में, मोहल्ले में, वार्ड में, अगर कोई भी टीबी का एक भी लक्षण मिलता है, तो उसे जरूर नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में लाएं और समय से उसका इलाज जरूर कराएं, नहीं तो सही इलाज की अभाव में कभी-कभी यह बीमारी ला इलाज भी हो जाती है, कार्यक्रम में मंच का संचालन कर रहे बी.एम. दुबे ने अपने टीबी जन जागरूकता गीत के माध्यम से टीबी उन्मूलन, जो 2025 में किया जाना है, प्रस्तुत किया कार्यक्रम में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ,आशा कार्यकर्ताओं एवम् एनजीओ पार्टनर जिन्होंने टीबी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया, उन सभी को मंच के माध्यम से प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से एसटीएस चेतन अग्रवाल, एसटीएलएस भूषण पटेल, राजेश उपाध्याय, सुरेंद्र दुबे एवं सभी टी यू के एसटीएस, एसटीएलएस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोताओं का जिला कार्यक्रम समन्वयक दीपक सिंह राजपूत ने आभार माना और अपने अपने ब्लॉक में टीबी के क्षेत्र में युद्ध स्तर पर कार्य करने की बात कही, सभी से आग्रह किया कि बड़ी सोच, कड़ी मेहनत, पक्का इरादा लेकर के चले और अपना कार्य योजनाबद्ध तरीके से करें, ताकि आप सभी अपने आसपास में रहने वाले जो बीमार भाई, बहन, माताएं हैं उन्हें आप शासकीय योजनाओं का निःशुल्क लाभ दिला पाए. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरी आशा कार्यकर्ताएं ,एनजीओ पार्टनर्स साई आशीष शिवांक असाटी ,ममता फाउंडेशन अभिषेक तिवारी जीएलआरए ग्रुप लीडर राहुल सिंह परिहार सहित टीबी चैंपियंस एवं उनकी टीम का आभार माना।

## जेके कंपनी के अधिकारियों द्वारा किसान के पैसे पर डाला डांका किसान ने दर्ज कराई अमानगंज तहसील में नामंत्रण आपत्ति

**अमानगंज।** जेके सीमेंट प्लांट मे किसानों के हितों के साथ बहुत बड़ा छलाबा किया जा रहा है सीधे सीधे किसानों के हकों पर डकैती डाली जा रही है। जेके प्लांट के कर्मचारियों द्वारा आवश्यकता अनुसार किसानों का बहुत ही चालसाजी के तहत इस्तेमाल किया जा रहा। जितनी जमीन जरूरत होती है उसकी गुप्त तरीके से सौदेबाजी की जाती है कुछ किसानों को बहला फुसला कर अच्छे रेट कहकर किसानों को फसाया जाता है, एक चेक देने के बाद महीनों तक चक्कर लगवाया जाता है और जब अंत मे किसान अत्यधिक परेशान होकर थक हार जाता है तब मनमर्जी का चेक बनाकर किसानों को थमा दिया जाता है। इसमे पूरा का पूरा जेके सीमेंट प्लांट का पूरा सिस्टम संलिप्त होता।ऐसा ही एक मामला ग्राम देवरा के एक किसान फूल बाई लुहार का देखने को मिला जिसको कंपनी के अधिकारियों द्वारा अच्छे रेट का वादा करके जेके सीमेंट कानपुर के नाम रजिस्ट्री करवा ली गई । देवरा हल्का के खसरा नं. 5/2 0.70 हेकटेयर भूमि की रजिस्ट्री करवा ली गई। अधिकारियों द्वारा किसान का 2 लाख रुपय हड़प लिए या यूँ कहे गोलमाल कर निगल गये। किसान के पास जितनी जमीन थी कंपनी के नाम कर ली गई और पैसे की हेराफेरी मामला निपटा दिया गया। जिसका फूल बाई लुहार द्वारा अमानगंज तहसील मे नामंत्रण आपत्ति का आवेदन दिया। अब किसान अधिकारियों की बातों मे आकर अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है। जेके सीमेंट कर्मचारियों का यह रवैया चिंतनीय विषय है यदि ऐसा रहा होगा तो आज तक की तारीख तक देवरा पंचायत के साथ साथ क्षेत्र के सैकड़ो किसानों के पैसे का कितना फर्जीवाडा हुआ होगा भगवान जाने लेकिन जिन किसानों ने अभी तक जमीन बेची है वो अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।जिसकी सुनने वाला कोई नहीं है,जो शासन और प्रशासन के जाँच का संबेदनशील विषय है।

## खबर संक्षेप

### हटा पुलिस ने पकड़ा दस साल से फरार वारंटी

**हटा।** पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीओपी नीतेश कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी हटा मनीष कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने शनिवार की रात्रि गौरीशंकर वार्ड निवासी संजू उर्फ संजय पिता मुन्ना विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष जो कि हटा थाना के प्रकरण क्रमांक 1611/14 धारा 452,195ताहि.एवं विशेष न्यायालय पाक्सो एक्ट दमोह के द्वारा जारी शुदा प्रकरण क्रमांक 71/14 धारा 363,366,376 ताहि.3/5 पाक्सो में दस बर्ष से फरार चल रहे स्थाई वांरटी को सउनि.रामकुमार ठाकुर प्रआर.रूपेश तिवारी आर.भाईलाल ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### स्थानीय अवकाश निरस्त

**दमोह।** जिले के लिए 26 मार्च 2024 दिन मंगलवार होली के दूसरे दिन का स्थानीय अवकाश लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने स्थानीय अवकाश निरस्त कर दिया हैं। इस आशय की जानकारी अपर कलेक्टर मीना मसराम ने दी हैं।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**दमोह ।** ग्रीष्मकाल में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के तुरंत निराकरण एवं समन्वय हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा एवं नगरीय क्षेत्र के लिए परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण कपिल खरे को नोडल अधिकारी बनाया है। उन्होंने नोडल अधिकारी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र से संबंधित अधिकारियों से सतत संपर्क मैं रहकर पेयजल संकट निराकरण पेयजल आपूर्ति हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है लोकहित /लोक स्वास्थ्य के परिपेक्ष में यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा तथा 30 जून 2024 तक प्रभावी रहेगा।

### देर रात तक चलता रहा होलिका दहन कार्यक्रम

# धुरैड़ी आज : उड़ेगा गुलाल, चलेंगी पिचकारियां, रंगों की होगी बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले भर में परंपरानुसार होलिका दहन कार्यक्रम देर रात तक नगर में होते रहे। कई स्थानों पर होलिका दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। होलिका दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्वक सद्भाव से मनाया गया। परंपरानुसार जिन घरों में चूल्हे सिगड़ी का उपयोग होता है उन्होने होली की अग्नि को ले जाकर घर में प्रथम आग इसी से जलाई। अनेक घरों में परंपरानुसार होली के जलते कंडे लाकर पूजन कर बाटियां बनाई। सोवार को परमा को धुरेड़ी का दिन होने से रंग-गुलाल की बौछारें, मौज मस्ती का आलम रहेगा। एवं पुलिस शांति व्यवस्था बनाये रखने मुश्तैद रहेगी। आचार संहिता के चलते पुलिस व्यवस्था भी अधिक रहेगी।

### तीर्थ क्षेत्रों में पहुंचे श्रद्धालु

रंगो का त्योहार होली प्रत्येक वर्ग के लोग अपने अपने अंदाज़ में मनाते हैं। एक ओर जहां युवा पीढ़ी खूब मौज मस्ती करने पिकनिक प्लान करती है। वहीं कुछ लोग ईश्वर के दरबार में होली मनाते हैं। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर, जागेश्वरनाथधाम बांदकपुर आदि में भारी भीड़ देर रात तक पहुंचने की जानकारी मिलती रही।

### जलसंकट के बीच जलसंवर्धन की अपील

जिले में जलसंकट को देखते हुये आम लोगो से होली पर पानी की बर्बादी न करने की अपील की जा रही है। कई गांवों के लोग पीने के पानी को मोहताज तो वहीं एक ओर टैंकरों से होली खेली जाती है।

### जल गई होलिका, बच गये प्रहलाद

होलिका दहन को लेकर जो कथा प्रचलित है उसमें हिरण्यकश्यप नाम का एक अत्यन्त बलशाली एवं घमण्डी राक्षस था, जिसने अपने राज्य में भगवान का नाम लेने पर ही पाबंदी लगा दी थी। वह खुद को ही भगवान मानने लगा था। लेकिन हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रहलाद भगवान के प्रति आस्था रखने वाला था, वह भगवान का परम भक्त था। जब अपने पुत्र के ईश्वर भक्त होने का पता हिरण्यकश्यप को लगा पिता ने अपने ही पुत्र को बेहद कठोर दंड दिये। पर प्रहलाद ने प्रभू भक्ति करना नही छोड़ी। परेशान होकर जब हिरण्यकश्यप ने ये बात अपनी बहन होलिका को बताई, होलिका को वरदान



मिला था कि वह कभी भी आग में नही जल सकती। हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को खत्म करने के लिये होलिका को आदेश दिया की वह प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठ जाये। आदेश का पालन करते हुये बहिन होलिका ने ऐसी ही किया। परंतु आग में बैठने पर होलिका तो जल गई पर प्रहलाद को कुछ नहीं हुआ। तभी से होली के पूर्व होलिका दहन किया जाता है। होली पर्व प्रभु प्रेम तथा प्रभु भक्ति के अटूट विश्वास को दर्शाता है।

### हर्बल गुलाल उपयोग करने की अपील

**दमोह।** जिले की तहसील दमोह के ग्राम टिकरिया टोला निवासी बहादुर सिंह लोधी हर वर्ष होली के त्यौहार के लिए प्राकृतिक हर्बल गुलाल तैयार करते हैं। उन्होंने बताया इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र से मार्गदर्शन लेकर चार प्रकार के फ्लेवर तैयार किए हैं, जिसमें गेंदा, चुकंदर, पलाश और पलक के श्याम पत्ती आदि के फ्लेवर तैयार किए हैं, जिसका मार्केट से अच्छी कीमत मिल रहा है। उन्होंने बताया हर्बल गुलाल की डिमांड बाहर के शहरों में बहुत ज्यादा है जिससे अच्छा प्रॉफिट हो रहा है, क्योंकि इसमें केमिकल नहीं है इसलिए यह शरीर के लिए हानिकारक नहीं है, यह शत-प्रतिशत नेचुरल है। कलेक्टर श्री कोचर ने लोगो को केमिकल युक्त कलर से सावधान रहने व हर्बल कलर उपयोग करने की अपील की है। उन्होने बताया कि उन्हे भी हर्बल कलर भेंट किये गये है। यह अच्छा नवाचार है। सभी प्रकृतिक तरीके से होली खेले, व त्योहार को खुशियों के साथ मनायें।

### आमने-सामने भिड़ी दो बाईक, तीन घायल

**सिंग्रामपुर।** दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे सिग्रामपुर चौकी अंतर्गत गुबरा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिंड़त हो गई है। हादसे मैं बाइक सवार तीन एवं घायल हुए हैं जिसमें एक बाइक में दो लोग और दूसरी बाइक में एक स्वर था। भीषण सड़क हादसे में दोनों बाइक के तीन इक्को को गंभीर चोटें आइ हैं। घायलों की हालत गंभीर होने पर 108 की मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी भेजा गया है। 100 डायल चालक चरण ने बताया दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने भिंड़त हुई जिसमें तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। 108 कि मदद से उपचार के लिए भेजा गया है जिसकी वजह से घायलों के नाम पता नहीं चल पाए हैं।

## अज्ञात कारणों से खेतों में लगी गेहूं की फसल राख



**सिंग्रामपुर।** जबेरा ब्लॉक क्षेत्र के धनेटा और सहसना के बीचों बीच हार में अज्ञात कारणों से आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटें देखकर किसान खेतों की तरफ दौड़ने लगे व कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। तब तक करीब 9 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। राजकुमार राय ने बताया की अचानक से धनेटा और सहसना हार के बीचों बीच आग की लपटे उठती हुई दिखाई दी जिसके बाद आग बुझाने के लिए भगदड़ मच गई और करीब 10 से 15 ट्रैक्टर की मदद से आग पर काबू तो पा लिया गया लेकिन इससे पहले सहसना निवासी किसान जुगल राय हल्ले भाई राय के खेतो में खड़ी 9 एकड़ की फसल जलकर राख हो गई थी। गनीमत रही आसपास के खेतो की कटाई हो चुकी थी। नरवाई में लगी आग बहुत देर तक कोहराम मचाती रही जिसकी सूचना सिग्रामपुर चौकी को दी गई। सिग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे के द्वारा दमकल वाहन को सूचित किया गया, लेकिन दमकल वाहन कटंगी से जब पहुंची तब तक ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास व ट्रैक्टरों से खेतों की जुताई करके बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया था।

## बाइक सवार पिता पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया






पथरिया थाना क्षेत्र में बाइक सवार पिता पुत्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। हादसे के दौरान हेलमेट भी काम नहीं आ सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसा कलां क्षेत्र के निवासी पिता पुत्र शिवराम साहू ( मनोज ) एवं अमित राठौर को रविवार सुबह सदगुवा तिराहे दमोह रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए भाग निकला। बाद में घटना की जानकारी लगने पर हंड्रेड डायल मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में पिता पुत्र को जिला अस्पताल लाया गया जहां जांच के बाद डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि दोनों पिता पुत्र भगवान जागेश्वर नाथ के अनन्य भक्त थे। तथा प्रत्येक पूर्णिमा को भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शन पूजन करने के लिए बांदकपुर जाते थे। आज सुबह भी दोनों बाइक से घर से बांदकपुर के लिए निकले थे साथ में हेलमेट भी लेकर चले थे लेकिन उनको नहीं पता था कि आज भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शनों की आस पूरी नही हो पाएगी। फिलहाल पथरिया थाना पुलिस टक्कर मारने वाले वहां की तलाश में जुटी हुई है।

# शराब के नशे में हुये विवाद में कर दी पत्थर पटककर हत्या

### अंधे हत्या कांड का 24 घंटे में पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पथरिया थाना क्षेत्र के समेरा लोधी में पत्थर पटककर अधेड़ की अंधे हत्याकांड का पथरिया पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा कर उल्लेखनी सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 मार्च 2024 को ग्राम सेमरा लोधी के चौकीदार संतोष आठ्या ने सूचना दी कि गांव के मुन्ना अहिरवार की लाश गांव के लाखन सिंह लोधी के घर के सामने सड़क पर मिली थी। चना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक, दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में व एसडीओपी पथरिया रघु केशरी की नेतृत्व में उक्त हत्या करने वाले आरोपी की पतारसी हेतु टीमों का गठन कर त्वरित कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया। फरियादी संतोष आठ्या की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना पथरिया में हत्या का मामला दर्ज किया गया। इस अंधे हत्या की गुत्थी को सुलझाना पुलिस के लिए एक चुनौती बन गई थी, जिसे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एफ एस एल प्रभारी सागर, फिंगर प्रिंट टीम सागर, फोटोग्राफर दमोह, और डॉग स्कॉट दमोह द्वारा घटना स्थल की जांच कराई गई। थाना प्रभारी पथरिया सुधीर बेगी द्वारा अपने स्टाफ के साथ तीन पार्टी बनाकर आरोपी की तलाश की गई। पुलिस की कठिन मेहनत एवं तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संदेहियो से हिकमतअमली व बारीकी से पूछताछ की गई, पूछताछ के दौरान संदेही लोटन लोधी द्वारा मृतक के बीच शराब पीने के बाद आपस में लड़ाई हो जाना जिस पर आरोपी लोटन लोधी द्वारा आक्रोशित होकर मृतक को पत्थर पटककर हत्या कारित करना स्वीकार किया गया। आरोपी द्वारा मृतक का मोबाइल भी अपने साथ ले जाना स्वीकार किया, जिसे आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। अंधे कत्ल के खुलासा करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकार / कर्मचारी निरी सुधीर कुमार बेगी, थाना प्रभारी पथरिया, उप निरी डी पी साहू, संतोष सिंह, सहो उप निरी इंद्राज सिंह, प्र आर संदीप कुशवाह, वीरेंद्र लोधी, राजेश चौबे, भगत, राकेश अठ्या, सौरभ टंडन, अजित दुवे आर राहुल, विक्रम, रामसिंह, मनीष बाल्मिकी, ओमप्रकाश, तेजेंद्र, विक्रम, कमल, नरेन्द्र, जितेंद्र म.आर. प्रतिभा, चालक मोहन की अहम भूमिका रही।

### बाड़ा बनकर किया तैयार: टाइगर रिजर्व में वल्चर रेस्टोरेंट की तैयारी पूरी

# गौशाला व पशुपालकों से लेंगे मृत मवेशी डॉक्टर से परीक्षण कराने के बाद भेजेंगे वल्चर रेस्टोरेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व में संकटग्रस्त गिद्धों को संरक्षित करने और उनकी संख्या बढ़ाने को लेकर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में काम चल रहा है। यहां पर जल्द ही गिद्धों के लिए वल्चर रेस्टोरेंट शुरू होने वाला है, जिसको लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है, अब केवल मुख्यालय के आदेश का इंतजार किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इस वल्चर रेस्टोरेंट में गिद्धों को डॉक्टरी परीक्षण के बाद रसायनमुक्त आहार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए गोशालाओं और पशुपालकों से वही मृत मवेशी लिए जाएंगे, जिनको कम से कम तीन माह से किसी प्रकार की कोई रसायनिक दवाएं न दी गईं हों। टाइगर रिजर्व में सबसे ज्यादा गिद्धों का बसेरा नरसिंहपुर जिले में आने वाले डोंगरगांव क्षेत्र में है। विभाग ने यहां पर दो एकड़ जगह में एक बाड़ा तैयार किया है। इसी बाड़े में मृत मवेशियों को परीक्षण के बाद रखा जाएगा इस वल्चर रेस्टोरेंट को बनाने का उद्देश्य वन्यप्राणी संस्थान देहरादून सहित अन्य संस्थानों द्वारा किए गए अध्ययन के बाद गिद्धों को डायक्लोफेनिक, क्लोरोफेनॉक, नेमिसिलाइड, कार्पोफेन जैसी दवाओं से बचाना है। अधिकारियों का दावा है कि आगामी समय में यहां वन विभाग के साथ राष्ट्रीय वन्यजीव संस्थान देहरादून सहित अन्य संस्थाओं के विशेषज्ञ गिद्धों पर अध्ययन करेंगे।

### 322 से 592 हुए गिद्ध

साल 2024 में गिद्धों की गणना दो बार की जानी है, जिसमें पहली गणना फरवरी में पूरी हो चुकी है, इसमें 592 गिद्ध वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पाए गए है। जबकि 2021 में हुई गणना में यह संख्या 322 के आसपास थी। इस बार की गणना में खास बात यह रही है कि गिद्धों के साथ उन पेड़ों की प्रजातियों को भी चिन्हित किया गया है, जिन पर गिद्ध अपना बसेरा बनाते हैं। इसके साथ ही अब इन पेड़ों की संख्या बढ़ाने को लेकर भी काम शुरू किया गया है।

### हमारे यहां हैं ये सात प्रजातियां

मौजूद टाइगर रिजर्व के उप संचालक कार्यालय के अनुसार गिद्धों के लिए देश में बुंदेलखंड को सबसे सुरक्षित स्थान माना जाता है। यही कारण है कि दुर्गावती टाइगर रिजर्व में ही देश में पाए जाने वाली गिद्धों की 9 में से 7 प्रजाति मौजूद हैं। इसमें चार स्थानीय और तीन प्रवासी गिद्ध की प्रजातियां शामिल हैं। स्थानीय गिद्धों में इंडियन या लांग विल्ड वल्चर, चमर या व्हाइट बैक्ट वल्चर, रेड नेक्ड या किंग वल्चर और इजिप्शीयन या व्हाइट वल्चर शामिल हैं, वहीं प्रवासी गिद्धों में यूरेशियन, हिमालयन और सिनेरिसय वल्चर शामिल हैं। डीएफओ एए अंसारी ने बताया कि वल्चर रेस्टोरेंट को लेकर विभाग ने अपनी ओर से पूरी तैयारी कर ली है, हम तो केवल अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए गोशालाओं व पशुपालकों से भी संपर्क शुरू कर दिया गया है।

# बिजली कटौती होने से लोग परेशान, गर्मी में हाल बेहाल

**फतेहपुर।** बटियागढ़ जनपद के ग्राम फतेहपुर में इन दिनों लोगों को बिजली कटौती की समस्या जूझना पड़ रहा है। लोग बिजली की अघोषित कटौती से गर्मी उमस में लोग भी बेहाल हो रहे हैं। इलेक्ट्रिकल दुकानदार यहां अपना काम नहीं कर पा रहे है। दुकानदारों का कहना है कि समय पर बिजली का बिल जमा करते हैं फिर भी बिजली कटौती होने से जरूरी काम भी नहीं कर पा रहे है। गांव के लोगों का मानना है की यहां पर सक्रिय लाइन मेंन ना होने पर परेशानियों का सामना आए दिन करना पड़ रहा है। इसके पहले जो लाइनमैन था उस समय कटौती की इतनी समस्या नहीं थी। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि फतेहपुर सब स्टेशन से फतेहपुर का सेक्टर अलग कर दिया जाए तो इतनी परेशानी नहीं होगी। यहां की बिजली व्यवस्था अस्थाई कर्मचारियों की भरोसे चलती है। आए दिन फाल्ट बने रहते है। जरा सी हवा या पानी की बूंदा बांदी होने से बिजली बंद हो जाती है। दिन भर में बिजली 50 से 100 भर जाती है। लोगों ने जल्द से जल्द बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। गौरतलब है अगर फतेहपुर ग्राम में कोई हादसा हो जाए तो लाइनमैन का फोन बंद हो जाता है, किसी की जान भी चली जाएगी तब भी लाइनमैन लोकराम गौड़ का फोन नहीं लगेगा।

## बौराने लगे आम के पेड़, कर रहे आकर्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष में अमराई में जमकर फूल आए हैं अनुमान है कि इस बार आम की भरमार रहेगी। आम का फूल देखकर सभी का मन लालायित होता है। बच्चों से लेकर बड़ो तक की पहली पसंद आम है। प्राचीन काल से ही आम का महत्व है इसलिए आम को फलों का राजा कहते हैं। बसंत ऋतु में जिधर भी देखो आम पर फूल नजर आते हैं। सबका एक ही कहना है इस वर्ष आपने खूब फल आए हैं फसलों में वह मेड़ों के बीचों बीच बागों में आम अपनी सुंदरता की झांकी दिखा रहे हैं। स्पष्ट है कि भारत वासियों के जीवन और अर्थव्यवस्था का आम से घनिष्ठ संबंध है इसे अनेक नाम से जाना जाता है। इसे कल्पवृक्ष अर्थात मनोवांछित फल देने वालों की भी संज्ञा दी गई है। आम को हमारी रीति व्यवहार हवन यज्ञ पूजा कथा त्यौहार कथा सभी मंगल कार्यों में आम की लकड़ी छाल फूल फल अर्थात एक न एक भाग प्रायः काम आता है। आम के फल का बहुत तरह से उपयोग होता है कच्चे फल से चटनी खटाई अचार मुरब्बा आदि बनाते हैं। पके फल अत्यंत स्वादिष्ट होते हैं यह पंचक रोचक और बलप्रद होते हैं। बच्चे गर्मी की छुट्टियां पर वह आम के बाग बगीचा में बड़े आनंद से आम का स्वाद लेते हैं। क्षेत्र के किस अजीत जैन गोपाल पटेल कन्हैयालाल पटेल का कहना है कि आम की लुप्त हो रही डालियों को बचाना है। उनकी देखरेख करना है एवं अधिक से अधिक आम के पौधों को लगाना है जो हमारी फसलों को भी नुकसान नहीं देते हैं। आने वाली वीडियो के लिए हमें अधिक से अधिक आम के पेड़ लगाकर उनके जीवन में पुनः आम की बहार लानी है अर्थात प्रकृति ने विरासत दी है। उसे बचाना है, पर्यावरण को शुद्ध बनाना है, अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर मां वसुंधरा को हरियाली की चादर ओढ़ाना है वही जब आम पर मोर आते हैं तो अमराई की रंगत बदल जाती है कोयल बोलने लगती है उसकी मधुर तान और आम की मिठास हर किसी को सुखद अहसास कराती है।

## ज्ञानी वहीं है जो दुखों को हंसते हुए काट लेता है : आर्यिका श्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दिगंबर जैन धर्मशाला में चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान में आर्यिका श्री गुणमती माताजी ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि मनुष्य के जीवन में बहुत गम होते हैं, अपने जख्म उन्हें नहीं दिखाना चाहिए जिनके पास मलहम नहीं होता वे घाव को और गहरा कर देते हैं। वह दुख को कम नहीं करेगा उसे बड़ा जरूर कर देगा। क्योंकि दुनिया का हर व्यक्ति डॉक्टर नहीं होता जब जीवन में चारों तरफ अंधेरा हो कोई रास्ता ना दिखाई देता हो तो एक बार सिद्ध भगवान की आराधना अवश्य करनी चाहिए। मैना सुंदरी ने कोड़ी पति मिलने के बाद भी अपना दुख किसी को प्रकट नहीं किया। सीने में दुखों को रखकर मुस्कुराती रही। हंसते-हंसते मुस्कुराते हुए अपने कर्मों को सहन किया और सिद्धों की आराधना कर सिद्ध चक्र महामंडल विधान रचाया। अपने पति के कुष्ठ रोग को ठीक कर लिया। इस विधान का महा चमत्कार है बड़े-बड़े उपसर्ग क्षण में टल जाते हैं। यह विधान का राजा कहलाता है। इसमें अनेक पूजाएं समाहित हैं। जीवन में जब बहुत बड़े-बड़े पाप हो जाते हैं। उनके प्रायश्चित हेतु पाप कर्म को काटने के लिए सिद्ध चक्र महामंडल विधान में आराधना की जाती है। इस विधान से पाप कट जाते हैं और अनंत गुनी ऊर्जा प्राप्त हो जाती है। उपरोक्त उद्गार आर्यिका श्री गुणमती माताजी ने दिगंबर जैन धर्मशाला में चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान में अपने मंगल प्रवचनों में व्यक्त किये। विधान में 1024 अर्ग समर्पित किए गए। शांति धारा करने का सौभाग्य सुरेंद्र सराफ एवं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य जिनेंद्र उस्ताद को प्राप्त हुआ। रात्रि में महाआरती करने का सौभाग्य कुंडलपुर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई के परिवार को प्राप्त हुआ। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु गणों ने मंदिर में बेदी के निर्माण में चांदी का दान किया। आर्यिका श्री ने अपने मंगल प्रवचनों में आगे कहा संसार एक परीक्षा क्षेत्र है जिसमें हम सब परीक्षार्थी हैं। दुख और कष्ट हर एक के जीवन में है दुखों को देखकर जो डरता है। उसकी मुसीबत और बढ़ जाती हैं। ज्ञानी अपने दुखों को हंसते हुए काट लेता है। सच्चा सम्यकदृष्टि अपने दुखों को दूसरों पर नहीं थोपता। इतिहास में यदि देखें तो सीता द्रोपती अंजना जैसी महान विभूतियां ने अपने दुखों के लिए दूसरों को दोषी नहीं ठहराया। दुख हमारे जीवन में नमकीन की तरह हैं जिसके जीवन में कांटों की चुभन नहीं फूलों के महत्व को नहीं समझ सकता। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज कभी भी अपने कष्ट को दूसरों को नहीं बताते थे उनकी वीतरगता, निष्प्रता निर्विकर्ता की मुद्रा हमें सदैव आकर्षित करती रहेगी।

### आज होगा विश्व शांति महायज्ञ

दमोह जैन धर्मशाला में नौ दिन से चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान के समापन पर विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जावेगा। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुनील वेजीटेरियन ने प्रदान करते हुए बताया कि मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज एवं आर्यिका श्री गुरु मति माताजी के मंगल आशीर्वाद एवं प्रतिष्ठा आचार्य अनु भैया के निर्देशन में सानंद संपन्न हो रहे 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान के अंतिम दिवस शांति मंत्र के साथ विश्व शांति की कामना से हवन किया जाएगा जिसमें विशेष अर्ग समर्पित किए जाएंगे महापत्रों के लिए हवन हेतु विशेषकुंड निर्मित किए गए हैं इसके पश्चात हवन के समापन पर विधान की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जावेगी जो की सिटीनल से प्रारंभ होकर पुराना थाना घंटाघर से होती हुई पुन जैन धर्मशाला पहुंचेगी जहां पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्रीमंत सेठ संतोष सिंघई परिवार के द्वारा सभी भक्तगणों के लिए सामूहिक वात्सल्य भोज प्रदान किया जाएगा विधान आयोजन समिति नन्हे मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन निराला एवं महामंत्री रानू पारस ने सभी श्रद्धालुगनों से हवन के पश्चात 10:30 बजे शोभायात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है।